## OBST & GY

SHRI BALAJI
INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCE
SimuCON
MEDICAL SIMULATION CONFERENCE AND COMPETITION 2023
"Innovations in low-cost sustaina
simulation solutions"
September 2023 (Saturday)
ORGANISED BY
L LAB, SHRI BALAJI INSTITUTE OF MED
MOWA, RAIPUR, CHHATTISHGARH
Shri Balaji
Group of Hospitals & Colleges

RAIPUR MENOPAUSE SOCIETY

**PHARMACOLOGY**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दोंदेकला
विकासखण्ड धरसींवा जिला-रायपुर छ.ग.
राष्ट्र गान
राष्ट्र गीत
SMART SCHOOL

## Awareness for De-addiction Program 25th September 2023

**SimuCON**

MEDICAL SIMULATION CONFERENCE AND COMPETITION
Shri
Balaji
Group of Hospitals
& Colleges
संकल्प, समर्पित सेवा का

MEDICAL SIMULATION CONFERENCE AND COMPETITION 2023
low-cost sustainable
Shri
Balaji
Group of Hospitals
& Colleges
संकल्प, समर्पित सेवा का

**SPORTS**

रायपुर, बुधवार 27 सितम्बर 2023
www.dailypioneer.com

पायनियर

# श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय 'इंटर कॉलेज टेबल टेनिस स्पर्धा' का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित स्वा. विज्ञान विश्वविद्यालय की राज्य स्तरीय ''इंटर कॉलेज टेबल टेनिस स्पर्धा'' का शुभारंभ महाविद्यालय के इनडोर हॉल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश हिशीकर थे। कार्यक्रम की अध्यता डीन डॉ. देवश्री सरकार ने की। सर्वप्रथम एस.बी.आई.एम.एस. के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। स्पोर्ट्स चेयरमैन डॉ. अनिल दुबे ने डीन डॉ. देवश्री सरकार को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राजेश हिशीकर ने कहा कि इस वर्ष अन्तर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता के आधार पर विश्वविद्यालय की टीम भेजी जायेगी। विश्वविद्यालय ने हर अन्तर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में चयन समिति के सदस्यों को और परीविक्षकों की नियुक्ति भी की है। जो विश्वविद्यालय टीम का चयन करेगी। आज सर्वप्रथम पुरूष एवं महिला वर्ग में लीग का श्रेष्ठ दो टीमों का चयन किया गया। बालकों के वर्ग में एस.बी.आई.एम. मोवा रायपुर एवं रिम्स रायपुर और अन्य वर्ग में जे.एन.एम. रायपुर एवं जी.एम.सी. राजनांदगांव सेमीफाइनल में पहुंची। महिला वर्ग में एस.बी.आई.एम.एस. रायपुर, जी.एम.सी. राजनांदगाँव के अलावा जे.एन.एम.रायपुर और रिम्स, रायपुर ने अपनी लीग प्रतियोगिता जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। मंगलवार शाम खेले गये सेमीफाइनल में पुरूष वर्ग में श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज रायपुर ने रिम्स को 3-1 से एवं जे.एन.एम. मेडिकल कॉलेज ने जी.एम.सी. राजनांदगांव को 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग के सेमीफाइनल में जे.एन.एम. रायपुर ने रिम्स, रायपुर को 3-2 से हराया एवं दूसरे सेमीफाइनल में जी.एम.सी. राजनाँदगाँव ने श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज को 3-2 से हराया।

बुधवार 10 बजे से विश्वद्यालय की चयन स्पर्धा आयोजित होगी। स्पर्धा के फाइनल मुकाबले एवं पुरस्कार वितरण आज दोपहर 3 बजे सम्पन्न होंगे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती नीता नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर एस.बी.आई.एम.एस. होंगी। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक ऋषद आचार्य एवं सह निर्णायक कु. आयुषी भाटी थीं। विश्विद्यालय की चयन समिति में डॉ. मानिक चटर्जी, अरविंद शर्मा एवं गोयल थी।

# खेल, खिलाड़ियों को अनुशासन और संघर्ष की क्षमता प्रदान करता है : नीता नायक

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज द्वारा आयोजित स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की राज्य स्तरीय अन्तर महाविद्यालयीन टेबल टेनिस स्पर्धा में जे.एन.एम. मेडिकल कॉलेज रायपुर ने एवं बालिकाओं के वर्ग में जी.एम.सी.राजनांदगांव ने खिताब पर कब्जा किया। बुधवार को खेले गये फाइनल मुकाबले में बालकों के वर्ग में जे.एन.एम. मेडिकल कॉलेज रायपुर ने बालाजी मेडिकल कालेज को 3-2 से हराया। जे.एन.एम. के मनीष साहू ने अपने दो मुकाबले जीते। श्री बालाजी के गौतम यदू ने अपना एक मैच जीता। बलिकाओं के वर्ग में जी.एम.सी. राजनांदगांव ने जे.एन.एम. की बालिकाओं को 3-2 से परास्त कर ट्राफी पर कब्जा किया। फाइनल मुकाबले के बाद पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एस.बी.आई.एम.एस. की एम.डी. नीता नायक थीं। वहीं अध्यक्षता डायरेक्टर नितिन पटेल ने की। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ.मानिक चटर्जी और खिलाड़ियों की ओर से गौदम यदू ने किया। विश्वविद्यालय की चयन समिति मे डॉ. चटर्जी, अरविंद शर्मा एवं परीविक्षक डॉ. चानन गोयल थीं। इस वर्ष विश्वविद्यालय की टीम अन्तर विश्वविद्यालयीन स्पर्धा में भाग लेगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि नीता नायक ने सर्वप्रथम सभी खिलाड़ियों को स्पर्धा में भाग लेने के लिये बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि जीत-हार चलते रहता है। खेल, खिलाड़ियों को अनुशासन संघर्ष करने की क्षमता प्रदान करता है। हरने वाले आगे और मेहनत करे तो उन्हें जीतने से कोई रोक नहीं सकता। यही श्रेष्ठ खिलाड़ी भावना है। नीता नायक ने बाहर से आये खिलाड़ियों के साथ-साथ मैनेजर कोच सभी को बधाई दी। स्पर्धा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरुस्कार प्रेरणा वाडकर, भारती आयुर्वेदिक कालेज दुर्ग की छात्रा को दिया गया। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक ऋषद आचार्य एवं निर्णायक आयुषी भाटी, विकास भारतद्वाज एवं आदित्य पारेक थे।